हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 4 अगस्त 2025


04 संस्था नमो नमो ग्रामीण के तत्वावधान में निकाली ...



07 पुलिस अधीक्षक ने मेधावियों को किया ...






## खबर संक्षेप में

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के तहत पंजीयन 15 अगस्त तक


**सीहोर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देशभर के 05 से 18 वर्ष तक की आयु तक के उन बच्चों को प्रदान किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। आवेदक आधिकारिक पोर्टल https://awards.gov in/ पर पंजीयन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य युवाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों की सराहना करना, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और अन्य बच्चों को प्रेरित करना है। यह पुरस्कार उन बच्चों को एक मंच प्रदान करता है, जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। आवेदन संबंधी अधिक जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### पुलिस ने की अवैध शराब जब्त

**बुधनी।** जिला सीहोर के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत द्वारा जिले में अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन करने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी निर्देशानुसार, एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी शाहगंज निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही की गई। शनिवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की हुंडई आई-10 कार क्रमांक DL-4C/AP-4489 में अवैध शराब लेकर भोपाल की ओर से आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम खटपुरा, भोपाल-शाहगंज मुख्य मार्ग पर उक्त वाहन को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन की डिग्गी में प्लास्टिक की चार सीलबंद बोरियों में कुल 400 क्वार्टर गोवा व्हिस्की (प्रत्येक 180 मि.ली.), कुल 72 लीटर, जिसकी अनुमानित कीमत 44,000/- है, बरामद की गई। वाहन चालक ने अपना नाम दिनेश पिता सुन्दरलाल सैनी, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम सूदोन, थाना शाहगंज, हाल निवासी बनेटा प्लॉट, शाहगंज बताया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वह प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं उसे गिरफ्तार कर न्यायालय बुधनी में प्रस्तुत किया गया। घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त कर लिया गया है।

## त्रिशूल और ओंकार की दो पहाड़ियों के बीच स्थित है प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर

# प्रकृति के अद्भुत सौन्दर्य का श्रृंगार किए विराजे हैं भूतेश्वर महादेव, हजारों भक्त रोज करते हैं दर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर से 2 किलोमीटर दूर त्रिशूल और ओंकार आकार की दो पहाड़ियों के बीच स्थित है प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर। लोगों की गहरी आस्था से जुड़े इस स्थान को शिव पहाड़ी के नाम से भी जाना जाता है, जहां प्रकृति के अद्भुत सौन्दर्य का श्रृंगार किए यहां विराजे हैं भूतेश्वर महादेव। यूं तो दर्शन के लिए इस मंदिर पर प्रतिदिन दर्शन करने भक्त आते है लेकिन सावन मास में यहां पर सुबह से शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। सावन माह के चलते भक्तो द्वारा जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर भोलेनाथ को बेलपत्र,धतूरा,पुष्प आदि चढ़ा कर श्रृंगार किया जाए है। हर सोमवार को बाबा भूतेश्वर महादेव का मंदिर सीमित द्वारा मनमोहक श्रृंगार किया जाता है।

### 200 वर्ष से भी पुराना है मंदिर

मंदिर पुजारी हेमराज गोस्वामी ने जानकारी मे बताया कि बाबा भूतेश्वर महादेव का मंदिर करीब 200 साल से भी अधिक पुराना है। बाबा भूतेश्वर महादेव के मंदिर के समीप एक प्राचीन जलकुंड भी है इस जल कुंड का निर्माण पूराने दौर में रेत ओर चुने से हुआ है पहाड़ी पर बने होने के बाद भी इस जल कुंड में 12 महीने पानी भरा रहता है।अधिकतर जल कुंड, कुएं आदि गर्मी में सूख जाते हैं लेकिन इस कुंड पर बाबा भूतेश्वर महादेव की अद्भुत महिमा है जो इस कुंड में 12 महीने ही पानी भरा रहता है।

### शिव भक्ति के साथ पिकनिक स्पॉट भी



बड़ी पहाड़िया और हरियाली की हरी चादर ओढ़ सुंदरता बिखेरती पहाड़िया इस स्थल को और मनमोहक बनाती है जो मन को शांति और सुकून देती है। पहाड़ी क्षेत्र होने से बारिश के झरने से बहते हुए पानी की कल कल आवाज जैसे कई प्राकृतिक नजारे इस स्थल को धार्मिक के साथ साथ रमणीय स्थल भी बनाता है। नगर परिषद द्वारा भी शिव पहाड़ी के सौंदर्य को बढ़ाते हुए यहां मांगलिक भवन बनाया गया साथ ही बच्चो के झूले आदि लगाए गए हैं। जिसके चलते यहां भोले की भक्ति के साथ कई आयोजन होने लगे हैं।

## महिलाओं ने निकाली कलश व कांवड़ यात्रा




*__नलखेड़ा।__ श्रावण मास में महिलाओं द्वारा नगर में कलश व कांवड़ यात्रा निकाली गई। जिसमें छोटे छोटे बच्चे शिव पार्वती का रूप धारण कर शामिल थे। रविवार को श्रीनाथ धाम कालोनी की भजन मंडल की महिलाओं द्वारा श्रीनाथ धाम मंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ कलश व कांवड़ यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा श्रीनाथ धाम से गुप्तेश्वर महादेव मंदिर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर होते हुए मां बगलामुखी मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में छोटे छोटे बच्चे भगवान शिव व माता पार्वती का रूप धारण कर शामिल हुवे जो आकर्षण का केंद्र रहे।*

## सड़क हादसे में युवक और युवती की मौत



**बुधनी।** शनिवार दोपहर नर्मदा ब्रिज के पास एक ट्रक चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार एक युवक और युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 3 बजे बुधनी से नर्मदा पुरम की ओर जा रही बाइक क्रमांक एमपी 05 जेडए 1128 पर सवार युवक रुपेश शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी नर्मदापुरम वहीं दूसरी दिव्या सोलंकी पुत्री महेश उम्र 23 वर्ष निवासी नर्मदापुरम को ट्रक क्रमांक एमपी 09 जी एफ 1300 के चालक ने यादव श्री ढाबे के पास टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को अस्पताल पहुंचाया जहां उनका शव परीक्षण करवाकर परिजनों को सौंप दिए हैं। उल्लेखनीय है कि नर्मदा नदी पर जब से नया पुल बनाया गया है तब से आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए।

## पिछले साल से 8 इंच ज्यादा बारिश, इस मानसून में अब तक 34 इंच पानी गिरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस मानसून सीजन में अब तक कुल 34.06 इंच (865.2 मिमी) बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले साल की इसी अवधि में हुई 25.92 इंच (658.6 मिमी) बारिश से करीब 8.13 इंच ज्यादा है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक रुक-रुककर बारिश होती रहेगी। बारिश के मौसम में जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है और कई जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

### गंदा पानी पीने से हो सकती हैं ये बीमारियां

स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी में बताया गया है कि दूषित पानी पीने से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इससे बचने के लिए केवल उबला हुआ या फिल्टर किया गया स्वच्छ पानी पीएं। यदि पानी की शुद्धता संदिग्ध हो, तो उसे उबालें या क्लोरीन की गोली डालकर एक घंटे बाद ही सेवन करें।

### हाथ धोना और साफ-सफाई जरूरी

खाना बनाने, परोसने और खाने से पहले तथा शौच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने की सलाह दी गई है। यह आदत कई बीमारियों से बचा सकती है। साथ ही, घर और शौचालय के आसपास सफाई बनाए रखने की अपील भी की गई है।

### बासी और खुला खाना न खाएं


विभाग ने ताजा पका हुआ भोजन खाने और उसे ढककर रखने की सलाह दी है। बासी भोजन, खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थ, कटे फल और ठंडे पेय से परहेज करें। फल और सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही खाएं।

## मित्रता दिवस पर बांधे फ्रेंडशिप बेल्ट



**नलखेड़ा।** रविवार को मित्रता दिवस पर मित्रों द्वारा एक दूसरे को फ्रेंडशिप बेल्ट बांधे गए। प्रतिवर्ष अगस्त माह के प्रथम रविवार को मित्रता दिवस मनाया जाता है। इसीके चलते नगर में भी इसको लेकर मित्रों द्वारा एक दूसरे को मित्रता दिवस की बधाई देते हुए मित्रता की कसमें खाई गई। उम्र में बड़े मित्रों द्वारा या तो प्रत्यक्ष रूप से या सोशल मीडिया के माध्यम से एक दूसरे को बधाई दी गई। वही मित्रता दिवस पर छोटे छोटे बच्चों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। छोटे बच्चों ने अपने मित्रों के घर पहुंचकर मित्रता दिवस की बधाई देते हुए एक दूसरे को फ्रेंडशिप बेल्ट बांधे।

## 'संसार रूपी कीचड़ में फंस रहे प्राणी को इस दलदल से निकालने के लिए संत आते हैं'



**नलखेड़ा।** कर्मों के झड़ने को निर्जरा कहते हैं। संपूर्ण कर्मों की निर्जरा होने के बाद मोक्ष प्राप्त हो जाता है। दूसरों को देखकर हम उससे ईर्ष्या करते हैं, ईर्ष्या अगर करना है तो दिगंबर संतों को देखकर उन जैसा बनने की ईर्ष्या करना तो जीवन में संतत्व की उपलब्धि हो जाएगी। यह संसार क्षणभंगुर है, कभी भी हम काल के ग्रास बन सकते हैं। इसीलिए मरण से पूर्व हमें अपना कल्याण करना चाहिए। संसार रूपी कीचड़ में फंसने पर प्राणी उसमें फसता ही जाता है। हम संत, संसारी प्राणी को इस दलदल से निकालने के लिए आए हैं। दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान गणधर मुनि 108 विवर्धन सागर जी, मुनि प्रवर्तक श्री विश्व नायक सागर ने अपने प्रवचन के दौरान समाज जनों के समक्ष यहां बात कही। मुनि श्री ने कहा कि हमें आत्मा के स्वरूप को प्राप्त करना हो तो रत्नत्रय धारण करना पड़ेगा। सभी जीवो में भगवान बनने की शक्ति है हम उस शक्ति को भूलकर संसार में रच बस जाते हैं। सम्यक दर्शन, ज्ञान, चरित्र मोक्ष प्रगति के उपाय है। इसमें एक की कमी भी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहाकि अपने परिणामों के कर्ता हम स्वंय है। कोई निमित्त अवश्य बन सकता है। हर आत्मा में भगवान बनने की शक्ति है, योग्य निमित्त को प्राप्त करके यह आत्मा भी परमात्मा बन सकती है। पाषाण में सोना मिश्रित रहता है शुद्ध करने पर सोना पृथक हो जाता है। उसी प्रकार हमारी आत्मा में मिथ्यात्व भाव बैठा हुआ है। उस भाव को हमें पृथक करना पड़ेगा। जिस प्रकार पाषाण से सोना शुद्ध हो जाता है वर्तमान में हमारा जीव अशुद्ध अवस्था में है। सम्यक दर्शन और सच्ची श्रद्धा से हम अपनी आत्मा को शुद्ध बना सकते हैं।

मुनिश्री ने कहाकि कई जीवो में आस्तिकता नहीं होती है। अर्थात उनकी ईश्वर पर श्रद्धा नहीं होती है। शुद्ध भावों को भाने के लिए की निग्रंथ दीक्षा अर्थात दिगंबर दीक्षा आवश्यक है। जहां वीतराग चारित्र होगा वही निश्चित सम्यक पाया जायेगा। उन्होंने कहाकि दलदल में फंसने पर निकलना असंभव होता है। उसी प्रकार संसार रूपी कीचड़ में फंसने पर प्राणी उसमें फसता ही जाता है। हम संत, संसारी प्राणी को इस दलदल से निकालने के लिए आए हैं। आत्म रस, शास्त्र रस में हमें डुबकी लगाना चाहिए, तभी जीवन का कल्याण होगा। संसार के सुख को हम सुख समझ बैठे जबकि यहां सुखाभास है। उन्होंने कहा कि समय से पूर्व हमें यहां समझ लेना चाहिए कि यहा संसार क्षण भंगुर इसीलिए कभी भी हम काल के ग्रास बन सकते हैं। इसीलिए मरण से पूर्व हमें अपना कल्याण करना चाहिए। इंद्रिया जन्य सुख की एक बूंद के लिए हम मानव भव को ही सुख समझ बैठे। तत्वों की श्रद्धान से ही हम महावीर बन सकते हैं।

## जैन समाज के चातुर्मास में हो रहे विभिन्न धार्मिक आयोजन

# सम्मेद शिखरजी की भाव यात्रा का कार्यक्रम संपन्न










हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय जैन समाज के चातुर्मास के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। रविवार को 20 तीर्थंकरों की निर्वाण भूमि सम्मेद शिखरजी की भाव यात्रा का धार्मिक कार्यक्रम भावोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उसके पूर्व नगर में शोभायात्रा निकाली गई। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस बार चातुर्मास आराधना करवाने के लिए हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित रत्न निधि म.सा., पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा-5 की पावन निश्रा में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ धर्म आराधना चल रही है।

रविवार को श्री संघ में पहली बार जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों की निर्वाण (मोक्ष) भूमि सम्मेद शिखरजी की भाव यात्रा का कार्यक्रम स्वर्गीय रमेश चंद्र फाफरिया की स्मृति में आयोजित किया गया। प्रातः 8:30 बजे सकल श्री संघ व साध्वी मंडल बैंड बाजे के साथ भाव यात्रा व स्वामीवात्सल्य के लाभार्थी हिम्मतमल रमेशकुमार फाफरिया के निवास स्थान पर पहुंचे। यहां से लाभार्थी फाफरिया परिवार को सुसज्जित दो बगी (रथ) में विराजित कर नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में चंदा प्रभु बहु मंडल की सदस्याएं घोष बैंड के साथ शामिल थी। प्रमुख मार्ग से शोभायात्रा जैन आराधना भवन पहुंची। यहां पर सम्मेद शिखरजी पहाड़ की सुंदर रचना की गई थी।

साध्वी रत्ननिधि म.सा. ने सुंदर और सरल तरीके से सम्मेद शिखरजी तीर्थ की महिमा को बताते हुए भाव यात्रा कराई गई। उपस्थित समाज जनों द्वारा बहुत ही आनंद के साथ भाव यात्रा का धार्मिक कार्यक्रम भावोल्लास के साथ सम्पूर्ण की गई। लाभार्थी फाफरिया परिवार द्वारा परमात्मा पार्श्वनाथ जी की प्रतिमा के समक्ष अक्षत से गहूली बनाकर उस पर फल नैवेघ आदि सामग्री विधि विधान के साथ चढ़ाई गई। श्री संघ की ओर से लाभार्थी फाफरिया परिवार का मोतियों की माला दुपट्टा एवं श्रीफल से बहुमान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात फाफरिया परिवार की ओर से स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी हुआ।

**खबर संक्षेप**

## सूखी फसल, कीटनाशक कंपनी के मालिक पर एफआईआर हुई दर्ज



**देवास।** कन्नौद विकासखंड क्षेत्र में किसानों द्वारा खरीदे गए बायोकलोर खरपतवारनाशक के प्रयोग के बाद ग्राम पीपल्दा,मथनी, काटकूट , गुदभेल आदि में सोयाबीन की फसल के सूख जाने की घटना सामने आने के बाद कृषि विभाग द्वारा कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार कीटनाशक अधिनियम 1968 की धाराओं एवं भारतीय दंड संहिता की धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं के अंतर्गत एचपीएम केमिकल एंड फर्टिलाइजर नई दिल्ली कंपनी मालिक एवं अन्य 6 व्यक्ति के विरुद्ध कन्नौद थाने में एफआईआर कराई गई है। किसानों ने एचपीएम केमिकल एंड फर्टिलाइजर नई दिल्ली द्वारा निर्मित बायोकलोर खरपतवार नाशक का उपयोग अपनी फसल पर किया था। प्रयोग के कुछ ही दिनों बाद बड़ी संख्या में खेतों में सोयाबीन की फसल पीली पड़कर सूखने लगी। इसकी शिकायत किसानों ने कृषि विभाग कन्नौद में दर्ज कराई।जांच में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि खरपतवार नाशक बायोकलोर का किसानों को इसकी सही जानकारी नहीं दी गई थी। यह कार्यवाही कीटनाशक अधिनियम 1968 की एवं किसानों के साथ धोखाधड़ी करने पर विभिन्न धाराओं के तहत की गई है।कृषि विभाग द्वारा सभी किसानों से अपील की है कि वे प्रमाणित एवं पंजीकृत कीटनाशकों दुकानदारों से ही क्रय करें एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित कीटनाशकों का ही उपयोग करें और किसी भी अनियमितता की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

### तीन घंटे चले रेस्क्यू के बाद क्रेन से निकाला ट्रेक्टर व कृषक का शव

# सिंचाई के दौरान ट्रैक्टर का बिगड़ा बैलेंस तलाई में डूबने से हुई किसान की मौत

रविवार दोपहर को कृषक खेत पर फसल में कीटनाशक छिड़कने के लिए गया था।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

जिले के ग्राम भौंरासा थाना क्षेत्र के ग्राम सीखखेड़ी में रविवार दोपहर को एक कृषक अपने खेत पर फसल में कीटनाशक छिडक़ने के लिए गया था। खेत के पास ही तलाई में वह पानी भरने के लिए ट्रेक्टर से गया, जहां अचानक ट्रेक्टर तलाई के समीप फिसल गया जिसमें कृषक ट्रेक्टर के साथ तलाई में डूब गया।

बताया गया है की कृषक के साथ दो और लोग भी थे जिसमें एक तलाई किनारे था, दूसरे को तैरना आता था तो वह तैरकर बाहर निकल गया। शव व ट्रेक्टर को करीब 3 घंटे चले रेस्क्यू के बाद बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी अनुसार काकड़ादा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम सिकखेड़ी पिपलिया खुर्द काकड़ पर बनी तलाई से ट्रैक्टर पर पीछे बंदे ड्रम में पानी भरते समय ट्रैक्टर का बैलेंस बिगड़ने से ट्रैक्टर तलाई में पलटी खा गया जिस पर से ट्रैक्टर में सवार देवेंद्र पिता भारत सिंह गुर्जर उम्र 23 साल निवासी ग्राम सिकखेडी की डूबने से मौत हो गई। आपको बता दे कि रविवार दोपहर



में अपने खेत पर दवा छिड़क रहे देवेन्द्र पिता भारत सिंह गुर्जर व चेतन उर्फ गब्बर पिता मंगल सिंह गुर्जर के द्वारा बताया गया कि हम दोनों ही अपने खेत पर ट्रैक्टर से दवाई छिट रहे थे देवेंद्र के ट्रैक्टर से दवाई छिट ने के लिए तलाई पर पानी भरने के लिए गए थे ट्रैक्टर देवेंद्र चला रहा था ट्रैक्टर में लगी पानी की टंकी में पानी भरने के लिए ट्रैक्टर को रिवर्स कर तलाई के पास पीछे किया तो अचानक से ट्रैक्टर का पीछे का पहिया तलाई में धस गया जिससे मे और देवेंद्र दोनों ट्रैक्टर सहित तलाई में गिर गए।




फिर मैं और देवेंद्र दोनों ने तलाई में पानी से बाहर निकालने की कोशिश की तो में बाहर निकल गया लेकिन देवेंद्र नहीं निकल पाया फिर मैंने जोर से आवाज लगाई तो आसपास खेत में काम कर रहे लोग आए और फिर पुलिस और एंबुलेंस को बुलाया गया। भौरासा पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा व एसडीआरएफ वाले भी देवास से पहुंचे, जिन्होंने तलाई में काफी ढूंढने के बाद देवेंद्र को तलाई से बाहर निकला तब तक देवेंद्र की सांसे थम चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि देवेंद्र फसल पर किटनाशक छिडक़ने के लिए गया था। वहां पानी लेने के लिए पास ही तलाई पर गया था, वहां अचानक से ट्रेक्टर का अगला पहिया फिसल गया। ट्रेक्टर के साथ वह भी अंदर डूब गया। दोपहर 12 बजे की घटना है, दोपहर करीब 3.30 बजे ट्रेक्टर व उसका शव क्रेन से निकाला है। देवेंद्र के साथ दो लोग और भी थे, देवेंद्र को तैरना नहीं आता था एक युवक दूर खड़ा था। एक को तैराना आता था तो वह तैरकर निकल गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय देवास भेजा। यहां मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

## नौकरी और सस्ता सामान दिलाने के नाम पर की धोखाधड़ी

**आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपियों कि शिघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिये गये है। 31 जुलाई को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी देवीसिंह उर्फ देवेन्द्रसिंह पिता दुलेसिंह निवासी गौतमनगर देवास ने मेरे तथा मेरे साथियों राजेन्द्र प्रतापसिंह निवासी पिपलोदा द्वारकाधीश,रितुराज पिता गजराज सिंह निवासी राधागंज देवास, धर्मेन्द्र पिता मानसिंह चौहान निवासी फ्रिगंज उज्जैन को सरकारी नौकरी दिलाने एवं सस्ता माल दिलाने तथा सरकारी योजनाओ का लाभ दिलाने के नाम पर कुल 42 लाख रुपये कि धोखाधड़ी कर अमानत मे खयानत की है। फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास पर अप.क्र. 690/2025 धारा 420,406,409 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये फरार आरोपी देवीसिंह उर्फ देवेन्द्रसिंह पिता दुलेसिंह निवासी गौतमनगर देवास की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन कर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी आधार पर 1 अगस्त को फरार आरोपी देवीसिंह उर्फ देवेन्द्रसिंह पिता दुलेसिंह डोडीया उम्र 40 साल निवासी गौतमनगर देवास को देवास से गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है । सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया,उनि मलखान सिंह भाटी,एस.एस. मीणा,आर अजय जाट की सराहनीय भूमिका रही।

## खाटू श्याम हरियाली महोत्सव का आयोजन कल पौधारोपण से होगी शुरुआत

**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर, वार्ड 22 में 5 अगस्त को एकादशी के पावन अवसर पर खाटू श्याम हरियाली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन खाटू श्याम वाटिका में सम्पन्न होगा, जहां भक्तजन खाटू श्याम जी के नाम से एक-एक पौधा लगाकर वृक्षारोपण में भाग लेंगे। कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और श्याम भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। श्याम प्रेमी मंगलवार को एकादशी के दिन श्याम प्रभु का आशीर्वाद लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेंगे। महोत्सव की शुरुआत शाम 6 बजे पावन ज्योत प्रज्वलन से होगी, जिसके पश्चात महाआरती का आयोजन शाम 7:30 बजे किया जाएगा। आयोजन से जुड़ी जानकारी श्याम शर्मा ने दी।

## पालतू कुत्ते को कंधे पर बैठाकर मुंबई से केदारनाथ की पैदल यात्रा पर निकले युवक की अनोखी भक्ति



**देवास।** मुंबई निवासी विकास पांडे इन दिनों अपनी अनोखी यात्रा को लेकर चर्चा में हैं। विकास अपने पालतू कुत्ते के साथ मुंबई से केदारनाथ की लगभग 1750 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा पर निकले हैं। खास बात यह है कि जब उनके पालतू कुत्ते को रास्ते में चोट लग गई, तो विकास उसे कंधे पर बैठाकर यात्रा पूरी करने निकल पड़े। विकास ने बताया कि वे 30 जुलाई की रात 12.30 बजे मुंबई से रवाना हुए थे। अब तक की यात्रा में केवल सात लोगों ने उन्हें थोड़ी-थोड़ी दूरी के लिए लिफ्ट दी, जिससे वे देवास तक पहुंच पाए हैं। विकास कहते हैं, अगर रास्ते में लिफ्ट न मिलती, तो शायद अभी तक देवास भी नहीं पहुंच पाता।यात्रा का कारण पूछने पर विकास ने खुलकर बताया कि घरवाले शादी का दबाव बना रहे थे, लेकिन वे अभी शादी नहीं करना चाहते। उनका कहना है, पहले अच्छी नौकरी और पर्याप्त पैसे कमाना चाहता हूं, ताकि आगे अपने परिवार की जिम्मेदारी ठीक से उठा सकूं। इसी तनाव के चलते उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और आध्यात्मिक शांति की तलाश में केदारनाथ की ओर निकल पड़े।अपने कुत्ते के बारे में विकास ने बताया कि लंबी यात्रा के कारण उसे चोट लग गई, जिसके बाद से वे उसे शाहपुर से गोद में उठाए हुए हैं। वे कहते हैं कि घरवाले उसका ध्यान ठीक से नहीं रखते थे, इसलिए उसे भी साथ ले आया। रास्ते में अगर कोई थोड़ी दूरी तक लिफ्ट दे देता है तो वे स्वीकार कर लेते हैं, लेकिन लक्ष्य तक मुख्य रूप से पैदल ही पहुंचने का इरादा है।

## करणी सेना ने चौकी प्रभारी को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री राजपूत करणी सेना द्वारा जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह खटाम्बा के नेतृत्व में विद्युत विभाग में कार्यरत महेन्द्रसिंह राजपूत की मृत्यु की जांच करवाकर दोषियों पर कार्यवाही करने हेतु चौकी प्रभारी राकेश नरवरिया को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि 26 जुलाई शनिवार को चापडा निवासी बिजली विभाग में पदस्थ महेंद्र सिंह राजपूत पोल पर मरम्मत कार्य कर रहे थे और लाइट परमीट ले कर बंद की गई थी, तभी विभाग के अन्य अधिकारियों द्वारा बिना किसी सूचना के दोबारा बिजली सप्लाई चालू कर दी गई, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। यह न केवल विभागीय लापरवाही है, बल्कि एक जिम्मेदार कर्मचारी की जान के साथ किया गया अन्याय भी है। हमारी माँग है कि इस मामले में बिजली विभाग के संबंधित ठेकेदार व डी सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो और पीडिघ्त परिवार को न्याय मिले। यह सिर्फ एक परिवार की नहीं, पूरे सिस्टम की जिम्मेदारी है। यह घटना एक सोची समझी साजिश है सभी कर्मचारी वा अधिकारीयो की कॉल डिटेल वॉटस्प चेट मैसेज चेट की जाच की जाए अगर इसमें किसी के द्वारा साजिश रची गई होतो उस पर भी उचित कार्यवाही की जाए।इस अवसर पर पिरसिंह बोरखेड़ा, राजपूत महापंचायत जिला अध्यक्ष अजयसिंह सिया, देवेन्द्रसिंह ठाकुर, कान्हा बन्ना रोजड़ी, बलवीर बन्ना बैरागड, रोहितसिंह, प्रदीपसिंह, लक्की बन्ना, दिलीपसिंह, तेजसिंह, विजयसिंह, नरेन्द्रसिंह फौजी, भवानीसिंह, पृथ्वीराजसिंह, देवसा रोजड़ी, प्रदीप झाला, सावराबन्ना, रघु परिहार, सचिन बन्ना, राजवीर बन्ना, किन्ना बन्ना आदि उपस्थित थे। चौकी प्रभारी द्वारा एआईआर दर्ज करने पर उनका आभार व्यक्त किया।

## श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल की कलश यात्रा में हजारों भक्त हुए शामिल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी भी पहुंचे





### यात्रा से पहले गणेश मंदिर में भगवान गणेश की हुई अराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल के तत्वाधान में रविवार सुबह 9.30 बजे वार्षिक कावड़ व कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नागदा गणेश मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बिलावली महांकाल मंदिर तक पहुंची। यात्रा में हजारों महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण किए हुए शामिल हुईं। श्रद्धालुओं ने नागदा गणेश मंदिर के गणेश कुंड से जल कावड़ में लेकर बिलावली महाकाल मंदिर तक पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पालकी में भगवान गणेश भी विराजमान थे। यात्रा से पहले गणेश मंदिर में भगवान गणेश की विशेष अराधना और महाआरती की गई। यह यात्रा सिद्धि विनायक गणेश भक्त के संयोजक प्रदीप चौधरी द्वारा आठवें वर्ष निकाली गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए भारी संख्या में पुलिसबल तैनात था। सीएसपी और दो से तीन थाना प्रभारी यात्रा मार्ग पर मौजूद रहे। शहर में कई जगह यात्रा का स्वागत किया गया।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी इस यात्रा में शामिल हुए। वे कावड़ यात्रा में आधा किलोमीटर पैदल चले और फिर रवाना हो गए। यात्रा के दौरान कई लोग उनसे मिलने के लिए उनके करीब पहुंचे। जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। पटवारी ने शहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा भी की।

### झरनेश्वर महादेव मंदिर से निकली विशाल कांवड़ और कलश यात्रा, उमड़ा जनसैलाब

# संस्था नमो नमो ग्रामीण के तत्वावधान में निकली भव्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सावन के महीने में भगवान शिव की आराधना का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम कावड़ यात्रा माना जाता है। कावड़ यात्रा की शुरुआत पवित्र नदियों और तीर्थ स्थलों से होती है, जबकि इसका समापन शिव मंदिरों में भगवान शिव के जलाभिषेक के साथ होता है। रविवार को तेज यादव मित्रमंडल व ग्रामवासियों के तत्वाधान में लगातार चौथे वर्ष भव्य संस्था नमो नमो ग्रामीण के तत्वाधान में भव्य कांवड़ एव कलश यात्रा बैंड बाजे ,डीजे, रथ के साथ झरनेश्वर महादेव मंदिर कन्हैरिया से मनकामनेश्वर महादेव मंदिर कुलाला तक निकाली गई।भगवान भोले के हजारों उपासक रविवार को सुबह 10 बजे झरनेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। जहा सभी कावडियो और महिलाओं ने झरनेश्वर महादेव का पूजन कर जलाभिषेक किया। कावड़ और कलश यात्रा के संवरक्षक दौलत यादव सेठ,आयोजक तेज यादव सरपंच, संयोजक मयंक जोशी, का जगह-जगह पुष्प वर्षा व पुष्पहारों से यात्रा का जगह जगह स्वागत किया। उसके बाद शिव भक्तो ने झरनेश्वर स्थित कुंड से पवित्र जल भरकर कांधे पर कावड़ और महिलाओं ने सर पर कलश लेकर हर हर महादेव और बोल बम नर्मदे हर के जोश से जयकारे



लगाते हूए मनकामनेश्वर मंदिर कुलाला के लिए निकले। इस दौरान डीजे की धुन पर शिव भक्त, हर हर शंभु, महादेव के भजनों के साथ थिरकते हुए कावड़ यात्रा में शामिल हुए। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और महिलाएं



इस कावड़ यात्रा के साक्षी बने। वहीं युवाओं में भी खास उत्साह देखने को मिला। कावड़ और कलश यात्रा का रोड किनारे बसे गांवों के लोगों ने स्टॉल लगाकर जगह जगह कावड यात्रियों पर फूल बरसाए और स्वागत किया। इसके अलावा उन्हें स्वल्पाहार भी कराया गया। यह यात्रा झरनेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर शिवपुर, बुदासा,शहीद द्वार होते हुए मनकामनेश्वर महादेव मंदिर कुलाला पहुंची। जहां सभी ने भगवान मनकामनेश्वर का जलाभिषेक करने के बाद कावड़ और कलश यात्रा का समापन हुआ। यात्रा आयोजक तेज यादव सरपंच ने बताया कि अच्छी वर्षा ,खुशहाली और देश में शांति और सद्भाव की कामना करते हुए यह कावड़ और कलश यात्रा हर साल निकाली जाती है। इस कांवड़ यात्रा में ग्राम कुलाला, बुदासा, जिरवाय, पांडी, संवरसी, किशनपुरा, नाई खेड़ी, देहरिया, टोंकखुर्द, नावदा, नांदेल, कन्हैरिया सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल थे। कांवड़ और कलश यात्रा में आसपास के ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त सम्मिलित हुए।

## पार्थिव शिवलिंग अभिषेक पूजन का हुआ सामूहिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम नयापुरा में प्रति वर्ष सावन माह में गाँव कि मातृशक्तियों द्वारा 21 दिवसीय ॐ नमः शिवाय मंत्र जाँप का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी गांव कि महिलाओं द्वारा श्रीराम मंदिर पर सामुहिक 21 दिवसीय ॐ नमः शिवाय मंत्र जाप का आयोजन किया गया।

समापन अवसर पर पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक एवं पूजन पं. संजय शर्मा के सानिध्य मैं संपन्न हुआ।पार्थिव शिवलिंग अभिषेक-पूजन पश्चात जुलूस के माध्यम से विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन कालीसिंध नदी के घाट पर किया गया। विसर्जन पश्चात पाटीदार समाज धर्मशाला में आयोजित भण्डारे में भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया। समस्त ग्रामवासियो की सहभागिता रही। मातृशक्ति में पूर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला कंठाली ने बताया कि गांव कि सुख शांति कि कामनाओं को लेकर यह आयोजन किया जाता है। जिसमें समस्त महिलाए एवं ग्रामीणों का सहयोग रहता है।

## खबर संक्षेप

### महिला जनसुनवाई के आयोजन की तैयारी

**ललितपुर।** महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता हेतु दिनांक 06.08.2025 को प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार मे मा0 सदस्या, उप्र राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल के द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी, इसके पश्चात अपराह्न में महरौनी क्षेत्र में जनचौपाल आयोजित कर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुनेंगी एवं चौपाल में उपस्थित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से उनका निस्तारण करवाएंगी।

### फसल बीमा पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाई

**ललितपुर।** जनपद के समस्त कृषक भाइयों को सूचित किया जाता है कि खरीफ मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा में पंजीयन कराने के अन्तिम तिथि 31.07.2025 थी। जिसे भारत सरकार के निर्देश के क्रम में बढ़ाकर दिनांक 14.08.2025 कर दिया गया है। अतः समस्त ऋणी एवं गैर ऋणी किसान भाइयों से अनुरोध है कि यदि आपके द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पंजीयन नहीं कराया गया है, तो कृपया इच्छुक कृषक दिनांक 14.08.2025 तक पंजीयन करा लें तथा योजना का लाभ लें।



### 24 अगस्त को सोंईकलां से जाएगी क्षेत्रपाल बाबा की 10 वीं पैदल यात्रा

**श्योपुर।** जन आस्था के केन्द्र ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दर्शनों के लिए एक पैदल यात्रा 24 अगस्त रविवार को सोंईकलां से रवाना होगी। गाजेबाजे के साथ जाने वाली इस पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, जो पैदल यात्रा करने के बाद बाबा के दरबार में झंडा चढाकर बाबा से जिले की खुशहाली की कामना करेगे। पदयात्रा समिति ने इस पैदल यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी है। श्री क्षेत्रपाल बाबा पैदल यात्रा समिति सोंईकलां के अध्यक्ष छोटूलाल सुमन ने बताया कि इस साल 10 वीं पैदल यात्रा जाएगी, जो 24 अगस्त रविवार को सुबह 8 बजे गांवघेर के हनुमान मंदिर से शुरू होगी, गाजेबाजे के साथ यह पैदल यात्रा गुरूनावदा, कोटरा, शंकरपुर, मेवाडा, बहरावदा, सरोदा और मानपुर होते हुए शाम को जैनी के श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर पर पहुंचेगी,जहां पैदल यात्री विविधवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढ़ाकर पैदल यात्रा का समापन करेगे और जिले की खुशहाली के लिए बाबा से प्रार्थना करेंगे।

### मेटाडोर ने बाइक में मारी टक्कर बाइक सवार की मौके पर ही मौत

**श्योपुर।** ढोढर थाना क्षेत्र स्थित चंबल नहर रोड पर बीती शाम को



एक मेटाडोर और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे के दौरान बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मेटाडोर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और मृतक के शव को पीएम के बाद उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम झरेर निवासी बनासी 22 वर्ष पुत्र अंगद आदिवासी शुक्रवार को जब अपनी बहन के यहां तिल्लीडेरा से अपने गांव झरेर लौट रहा था, तभी दीवानचंद का डेरा की पुलिया के पास उसकी मोटरसाइकिल को सामने से आ रही मेटाडोर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार बनासी आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मेटाडोर चालक मौके से भाग निकला। सूचना के बाद ढोढर थाना पुलिस मृतक के शव को जिला अस्पताल लेकर आई,जहां पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द किया और मेटाडोर चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### आरोपी नरेंद्र कड़ंकी गिरफ्तार, लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद

# हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सोशल मीडिया पर वायरल हुए हर्ष फायरिंग के एक वीडियो ने जनपद ललितपुर पुलिस को हरकत में ला दिया। कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेंद्र जैन कड़ंकी उर्फ पहलवान को 32 बोर की एक लाइसेंसी रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 125 बीएनएस, शस्त्र अधिनियम की धारा 30(ए), एवं सीएलए एक्ट की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी अनुराग अवस्थी व उनकी टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। आरोपी को नियमानुसार हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

जनपद ललितपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि हर्ष फायरिंग जैसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस प्रकार के मामलों में कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। घटना पहली अगस्त को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति को खुलेआम हर्ष फायरिंग करते हुए देखा गया। वीडियो का संज्ञान लेते हुए कोतवाली ललितपुर पुलिस ने तत्काल छानबीन शुरू की और आरोपी की पहचान नरेंद्र जैन कड़ंकी उर्फ पहलवान (उम्र लगभग 48 वर्ष, निवासी वाटर वर्क्स के सामने, कोतवाली ललितपुर) के रूप में की। गिरफ्तारी एवं बरामदगी में आरोपी को कैलगुवां चौराहा, ललितपुर से गिरफ्तार किया गया।




### दुष्कर्मी को पुलिस ने घर दबोचा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में महरौनी पुलिस ने थाने पर दर्ज मु.अ.सं. 253/2025 धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस व 3 /4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम दिगौड़ा निवासी अन्तिम घोष पुत्र जगत सिंह को मुखबिर की सूचना पर बानपुर चौराहा के पास से हिरासत में लिया है। दुष्कर्मी को पकडने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, निरीक्षक निर्भयचन्द्र, उ.नि. अभिषेक सिंह, का.सचिन सैलानी आदि शामिल रहे।

### पत्नी से मारपीट कर भागा पति

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम पटौराकलां व हाल नई बस्ती निवासी प्रियंका पत्नी रामकुमार सेन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह इलाइट पुल के पास स्थित चरक अल्ट्रा साउण्ड पर काम करती है। बताया कि 1 अगस्त की शाम करीब 7 बजे वह अपने नई बस्ती स्थित घर पहुंची तो वहां उसके पति रामकुमार पूछने लगा कि इतनी देर क्यों हो गयी। तो कम में देर होने की बात उसके द्वारा बतायी गयी। आरोप है कि पति ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके कान से खून बहने लगा। उसकी तीनों पुत्रियों ने उसका बीच-बचाव किया। कान से खून निकलता देख रामकुमार वहां से भाग निकला। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति रामकुमार सेन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### छोटे ससुर और देवर ने विवाहिता के साथ की मारपीट

*ललितपुर। ग्राम डोंगराखुर्द निवासी अर्चना पत्नी सोनू ने मड़ावरा पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 31 जुलाई की दोपहर करीब 2 बजे उसके छोटे ससुर घन्सू पुत्र छत्ता, सुनील, शिवराज व प्रमोद पुत्रगण घन्सू अहिरवार एकराय होकर आये थे। घन्सू की दीवार गिर गयी थी तो पीड़िता ने कहा कि गुम्मा हटा लो। इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। बचाव करने आये उसके ससुर मुलू के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

# महिला पर हंसिया से प्रहार कर जानलेवा हमला बोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महरौनी के ग्राम सैदपुर निवासी मकुन्दी पुत्र रतन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को सुबह 9.30 बजे जब वह खेत में काम करने गया था तो उसकी पत्नी गौरीबाई घर में अकेली थी।

तभी गांव के पंचू पुत्र नन्दराम ने उसके घर के अंदर घुसकर उसकी पत्नी को जान से मारने की नीयत से हंसिया से प्रहार कर दिया और उसकी पत्नी को घर के अंदर बंद करके ताला लगाकर चाबी छत पर फेंककर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पंचू के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 352, 109 व 127 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पिकअप की टक्कर से मासूम समेत बाइक सवार दंपत्ति घायल

**ललितपुर।** गोविन्दनगर स्थित कांशीराम कालोनी में रहने वाले देवकीनंदन पुत्र कैलाश नारायण ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई सत्यप्रकाश बीती 14 जुलाई को अपनी प्लेटिना मोटर साइकिल नंम्बर यू.पी. 94 ए.बी.0801 से अपनी पत्नी रानी व चार वर्षीय पुत्री को बैठाकर पाली स्थित नीलकण्ठेश्वर से वापस घर आ रहा था। तभी मसौरा बैरियर के पास पीछे से आ रही पिकअप ने मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और उसके भाई को रौंदती हुयी चली गयी। वहीं पत्नी व बच्ची दोनों सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वह उपचाररत हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पानी पीने को स्टेशन पर उतरे युवक से मारपीट, पुलिस पर भी आरोप

**ललितपुर।** जिला महोबा के कवरई निवासी सुपर अली पुत्र मेंहदी हसन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 31 जुलाई को सुबह करीब 7 बजे वह ट्रेन में सवार होकर बीना से झांसी जाने के लिए जा रहा था। ललितपुर रेलवे स्टेशन पर वह पानी पीने के लिए उतरा तो उसकी गाड़ी निकल गयी। बताया कि वह रेलवे क्वाटर के पास पेशाब कर रहा था, तभी ललितपुर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी नसीम बाबू, फरीद, आशु व अज्ञात व्यक्ति ने उसे गालियां दीं। जब विरोध किया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। घटना की शिकायत नेहरू नगर चौकी पुलिस को देने पहुंचा तो कोई कार्यवाही नहीं की गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मेडीकल संचालक, भाई, पत्नी व पुत्र पर एसएसीएसटी एक्ट दर्ज

# ली गई दवा को वापस करके रुपए नहीं लौटाकर अपमानित करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मास्टर कालोनी मड़ावरा में रहने वाले अशोक पुत्र स्व.निरपत रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 20 जुलाई को उसका पुत्र रितिक मोती मेडीकल स्टोर से दवा लाया था, जिसको बाद में वापस कर दिया था। मोती मेडीकल द्वारा दवा वापस कर दूसरी दवाई नहीं दी गयी और न ही रुपये वापस किये गये। रात करीब 8 बजे जब वह इसी बात को लेकर अपनी मां भागवती को लेकर मेडीकल स्टोर पहुंचकर उलाहना दिया तो मोती मेडीकल के मालिक पीयूष जैन पुत्र मोतीलाल, मौसम जैन पत्नी पीयूष, प्रशान्त जैन पुत्र मोतीलाल व हैरी जैन पुत्र पीयूष ने गालियां दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़ित की पत्नी कुसुम, भाई अरविन्द के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (2), 351 (3) व एस.सी. एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पिता-पुत्र पर एससीएसटी एक्ट का मामला दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के ग्राम बैरवारा निवासी गुडडू रजक उर्फ गनेश प्रसाद पुत्र परमू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे वह खेत पर जा रहा था। तभी गांव के पप्पू राजा पुत्र भगवत सिंह, नीरज राजा पुत्र पप्पू राजा ने गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर दोनों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया और फिर लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। आरोप है कि पिता-पुत्र ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व एस.सी. एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जय अंबे रक्तदान समिति ने की मदद लगातार जरूरतमंदों की कर रही है सेवा

# रक्त के अभाव मे महिला मरीज की बिगड़ रही थी हालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला महिला चिकित्सालय मे अंजना यादव नमक गर्भवती महिला मरीज भर्ती है महिला के गर्भ में पल रहे शिशु की मृत्यु हो गई है जिसकी हालत बहुत ही नाजुक है डॉक्टर ने अंजना यादव के लिए दो यूनिट बी नेगेटिव ब्लड की व्यवस्था करने को कहा है और महिला मरीज के साथ परिवार की महिला सदस्य है और साथ मे कोई भी पुरुष न होने के कारण ब्लड के लिए काफी परेशान हो रही है

हालांकि परिवार की महिला सदस्यों ने जैसे तैसे एक यूनिट ब्लड कि व्यवस्था कर ली थी मगर एक और यूनिट की व्यवस्था कही से नही हो पा रही है क्योंकि परिवार मे किसी का ब्लड ग्रुप मैच भी नही कर रहा है और ना ही ब्लड बैंक मे उपलब्ध है समय से दूसरा यूनिट ब्लड ना मिलने के कारण मरीज की स्थिति गंभीर बनती जा रही है जनपद ललितपुर मे एकमात्र आपकी समिति है जो इस महिला मरीज की मदद कर सकती है समिति ने तत्काल रक्तदाता शिवम साहू को सूचना दी और उन्होंने सभी कार्य छोड़कर बिरधा से ललितपुर पहुंचकर 11वीं बार अंजना यादव को अपना बहुमूल्य बी नेगेटिव ब्लड रक्तदान किया जरूरतमंद अंजना यादव की महिला परिजनों ने समिति के सदस्यों और रक्तदाता शिवम साहू को दुआएं और आशीष देने के बाद धन्यवाद आभार व्यक्त किया रक्तदान करने के बाद आशीष साहू ने कहा किसी जरूरतमंद की मदद करके मुझे बहुत आत्म संतुष्टि मिलती है और रक्तदान करने से हमारे शरीर मे किसी भी प्रकार की कमजोरी नही आती है बल्कि भविष्य मे होने वाली अनेकों गंभीर बीमारियों से स्वयं को बचाया जा सकता है इसलिए अधिक से अधिक युवाओं को रक्तदान करना चाहिए इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैयालाल रजक (पंचायत राज विभाग) समाजसेवी बलराम राज धनुष यादव रागिनी यादव जितेंद्र शर्मा गोविंद नारायण श्रीवास सत्यम साहू आदि रहे

### शव को मृतक के घर पहुंचाने के लिए संबंधित का मृत्यु प्रमाण का पत्र ऑनलाइन प्रविष्टि जरूरी

# शव वाहन की सौगात पर लगाई सरकारी नियमों की बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




अब किसी गरीब की अस्पताल में होने वाली मौत के बाद शव को घर ले जाने के लिए परिजनों को परेशान नहीं होना पड़ेगा, इसके लिए सरकार ने शव वाहन उपलब्ध करा दिया है पर इस सौगात को सरकारी नियमों की बैसाखी भी जोड़ देने से शव वाहन की सेवाएं थोड़ी पेचीदा हो गई हैं जिसे दूर करने की मांग जिले के समाजसेवी नागरिकों के द्वारा उठाई गई है।

शासकीय अस्पताल में अभी तक स्वास्थ्य विभाग के कोई शव वाहन नहीं थे स्थानीय निकाय नगरपालिका नगरनिगम की व्यवस्था शव वाहन की हुआ करती थी लेकिन नगरपालिका शवों को शहर से बाहर भेजने पर संबंधितों से पेट्रोल मनी के रूप में रुपए वसूल कर लेती थी। जिसके कारण कई बार गरीब खासकर आदिवासियों के शवों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिए लोगों को चंदा एकत्रित करना पड़ता था जिला अस्पताल के चिकित्सक और स्टाफ भी कई बार आपस में कलेक्शन कर शव नगरपालिका के वाहन में पेट्रोल भरवाकर गरीब परिवारों के शवों को उनके गांवों तक पहुंचाते थे। पर अब सरकार ने सभी जिलों के साथ साथ श्योपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग को दो शव वाहन उपलब्ध करा दिए हैं जिनके माध्यम से पूरे जिले में कहीं भी शवों को निःशुल्क भेजा जाएगा पर इस प्रक्रिया में मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र आवश्यक कर देने के कारण परेशानी आ गई है हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इस परेशानी को दूर करने के लिए जुगाड़ से व्यवस्था भी की है लेकिन लोगों का कहना है कि यह व्यवस्था भोपाल स्तर से ही समाप्त होने चाहिए ताकि जिस परिवार में मौत हुई है उसे शव ले जाने के लिए इंतजार ना करना पड़े।

# बाल कल्याण समिति ने एसपी से मुलाकात कर दी कार्यों के संबंधित पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बाल कल्याण समिति ने शनिवार को एसपी वीरेंद्र जैन से मुलाकात कर उन्हें बाल कल्याण समिति द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी प्रदान की और बच्चों के संरक्षण की दिशा में जरूरत पडने पर पुलिस का सहयोग अतिशीघ्र उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता जताई। बाल कल्याण समिति श्योपुर की अध्यक्ष अर्चना भूषण के नेतृत्व में एसपी से मिलने पहुंचे बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधी मंडल में बाल कल्याण समिति सदस्य गौरव आचार्य, प्रोटेक्शन आफिसर महिला एवं बाल विकास विभाग विष्णुकांत शामिल थे। इन्होंने एसपी वीरेन्द्र जैन से मुलाकात करते हुए उन्हें बाल कल्याण समिति के द्वार किए गए कार्यो से अवगत कराया और उनसे सहयोग मांगा कि बच्चों के संरक्षण की दिशा में जरूरत पडने पर पुलिस का सहयोग उन्हें अतिशीघ्र उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान एसपी ने बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल को सहयोग किए जाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि बाल कल्याण समिति के सभी प्रकरणों में सभी थाना प्रभारियों द्वारा भरपूर सहयोग दिया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक ने मेधावियों को किया सम्मानित

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस विभाग में सेवारत पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण के मेधावी बच्चों द्वारा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मेधावी छात्रा समीक्षा पुत्री सुभाष चन्द्र (मुख्य आरक्षी उ0प्र0 पुलिस) द्वारा 10 वी परीक्षा में सीबीएससी बोर्ड से 92% के साथ उत्तीर्ण करने पर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रशस्ति- पत्र/पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया।



### डीएम ने अपने प्रथम सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

जनसेवा ही हमारी प्राथमिकता : जिलाधिकारी अमनदीप डुली

# मौके पर सभी समस्याओं का कराया निस्तारण, निर्धारित समय पर निस्तारण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



समस्याओं को सुनते डीएम-एसपी

शासन के निर्देशानुसार शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसके तहत नवागंतुक जिलाधिकारी अमनदीप डुली एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने तहसील तालबेहट में जनसुनवाई की। इस अवसर पर अधिवक्ताओं व नागरिकों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक का माला पहनाकर व सॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

शेष शिकायती पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को सौंपते हुए जनसेवा को प्रतिबद्ध जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। आज जो शिकायतें सम्बंधित विभागों को तिथि निर्धारित कर पृष्ठांकित की जा रही हैं, वे नियत तिथि तक अनिवार्य रुप से निस्तारित हो जानी चाहिए, उनकी पुनरावृत्ति से समझा जाएगा कि सम्बंधित अधिकारी निस्तारण कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने शिकायतकर्ताओं को अपने समीप बुलाकर गंभीरता से उनकी बात सुनी और उन्हें निस्तारण का भरोसा दियाला, उन्होंने कहा कि जनता की सेवा जिला प्रशासन का दायित्व है, यहां उपस्थित प्रत्येक अधिकारी जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है, इसमें कहीं कोई लापरवाही नहीं होगी।

### 4 महिला और 4 युवक गिरफ्तार, परंतु पुलिस ने बाद में बताए अलग

# ब्यावरा के स्टेशन रोड पर श्याम गेस्ट हाउस पर पुलिस की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्री श्याम गेस्ट हाउस में शुक्रवार दोपहर उस वक्त हलचल मच गई, जब पुलिस को मोबाइल पर सूचना मिली कि कुछ युवक-युवतियां और महिलाएं-पुरुष वहां संदिग्ध गतिविधियों के लिए एकत्रित हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने दबिश दी,तो होटल के नीचे गुटखा-पाउच की दुकान पर होटल संचालक हेमराज यादव मिला, जो कि रजिस्टर और पहचान पत्र के नाम पर दोनो हाथ खड़े कर बैठ गया। लॉज के अंदर 4 महिलाएं और 4 पुरुष मिले, जिन्होंने एक सुर में किराया चुकाने की बात तो स्वीकारी,पर अवैध गतिविधियों से पल्ला झाड़ते नजर आए। वही होटल में ना कोई आईडी, ना एंट्री रजिस्टर,फिर भी सबकुछ झोल मोल सा मिला। इधर पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163(2) और न्याय संहिता की धारा 223(ए) के तहत होटल संचालक पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, टीआई राहुल रघुवंशी की बातों में विरोधाभास भी उभर कर सामने आया। क्योंकि सूत्रों के मुताबित पता चला था कि 4 महिलाओ में से एक महिला न बालिक भी है ओर यह बात उन्होंने मीडिया के कैमरे के सामने कहा था कि हमारे द्वारा बर्थ सर्टिफिकेट मंगवाए गए हैं, मगर प्रेस नोट में वो बात ही गायब मिली । वही उनके द्वारा मीडिया के कैमरे के सामने बोला गया था कि 4 महिला ओर 4 पुरुष मिले है लेकिन पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में एक पुरुष गायब नजर आया क्योंकि पुलिस के द्वारा भेजे गए प्रेस नोट में में सिर्फ 4 महिला एवं 3 पुरुष ही लिखा गया है।






## पुलिस करती रही आरोपियों को छुपाने की कोशिश

रेड के बाद से ही पकडे गए युवक युवती को लेकर भ्रम का माहौल बना रहा ,मीडिया कर्मियों के द्धारा जो देखा गया की इसमे नाबालिग लडकी होने का अंदेशा भी था जब देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी से इस बारे मे मीडिया द्धारा पूछा गया तो वह हमेशा 2 घंटे का समय मांगते नजर आए। और अंततः उन्होने एक युवक को कम कर ही दिया यदि ऐसा नही है तो फिर चैथा युवक कौन था।

# सुठालिया सिंचाई परियोजना विस्थापितों के पुनर्वास स्थलों का मंत्री ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



शनिवार को सुठालिया सिंचाई परियोजना के अंतर्गत विस्थापित होने वाले ग्रामीणों के पुनर्वास को लेकर आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार और जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने आज ग्राम गुर्जरखेड़ी, सीलखेड़ा पहाड़ी,लासुलडिया मीणा, राजपूत खेड़ा एवं सेमलापार के प्रभावित परिवारों के लिए चिन्हित किए गए पुनर्वास स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री पंवार ने पुनर्वास स्थल पर उपलब्ध भूमि, आधारभूत संरचना, पेयजल, सड़क, बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनर्वास की प्रक्रिया समयबद्ध, सुनियोजित और संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ पूरी की जाए, ताकि किसी भी प्रभावित परिवार को असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि पुनर्वास स्थल केवल आवासीय सुविधा नहीं बल्कि लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का माध्यम होना चाहिए। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कांकरिया गुर्जर गांव के निवासियों की जो जमीन डूब प्रभावित हो रही है उनके लिए भी शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्रामीणों से संवाद करते हुए मंत्री पंवार ने आश्वस्त किया कि सरकार उनकी चिंता और अधिकारों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और पुनर्वास प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में सिंचाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं, विस्थापित परिवारों के लिए सरकार का यह प्रयास उनकी सामाजिक सुरक्षा और भविष्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसडीएम गीतांजलि शर्मा, मोहन पंवार,मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरराज लोधी, डब्ल्यू आर डी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी, और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने साइकिल से पहुंचकर बाढ़ प्रभावितों की सुनी समस्याएं

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह शनिवार को अशोकनगर से तहसील नईसराय के ग्राम शाजापुर तिगरी,अखाईघाट, पौरूखेडी में पहुंचे। ग्रामों में पहुंचकर उन्होंने अतिवर्षा एवं बाढ़ से प्रभावितों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने बाढ बाढ प्रभावितों से आश्वस्त किया कि बाढ से हुए नुकसान की हर संभव सहायता मुहैया कराई जाएगी। राजस्व एवं कृषि सर्वे दल द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा राशि का वितरण बाढ प्रभावितों को किया जाएगा।

# भारतीय सेना से सेवानिवृत होकर प्रथम बार नगर आगमन पर किया भव्य स्वागत

बरसते पानी मे किया फौजी का सम्मान, लगाए देश भक्ति के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय सेनाओं में तैनात जवानों के प्रति सम्मान, आदर की भावना समाज के हर व्यक्ति के मन में है। जैसे ही किसी फौजी के आने की खबर गांव या शहर में पहुंचती है तो हर कोई उनका उत्साह वर्धन करने पहुंच जाता है। ब्यावरा विकासखंड के गांव चाटा में जन्मे सेना के जवान इंदरसिंह सोंधिया शनिवार को जब 22 साल देश की सेवा कर भारतीय सेना से रिटायर होकर अपने घर ब्यावरा (चाटा ) लौटे तो उनके स्वागत में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उनके सम्मान में शहर में धूमधाम से रैली निकाली गई। रैली यात्रा भोपाल बायपास से प्रारंभ हुई जो मुल्तानपुरा, इंदौर नाका, पीपल चैराहा होते हुए गांव चाटा पंहुची। रैली मे शहर सहित आसपास के गाँव से बड़ी संख्या मे युवा शामिल हुए, जिन्होंने फौजी भाई इंदर सिंह सोंधिया का पुष्पवर्षा, हार माला पहनाकर, आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया। गांव चाटा निवासी किसान रोड़जी सोंधिया के पुत्र इंदरसिंह सोंधिया



भारतीय सेना ( ाळ) सेना आयुध कोर सिंकदराबाद मे पदस्थ थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव से ही की थी। 11जुलाई 2003 को सेना में भर्ती हुए थे। भारतीय सेना मे पदस्थ रहकर देश की विभिन्न सीमाओं पर अपनी सेवा दी। 22 साल देश की रक्षा कर सेवानिवृत्ति हो आने पर इष्ट मीत्रो ने उनका भव्य स्वागत सम्मान किया। देश भक्ति गीत के साथ जगह-जगह देशभक्ति नारे लगाए, बरसते पानी मे युवाओं ने शहर मे जगह-जगह स्वागत सम्मान किया। इस दौरान परिवारजन, रिश्तेदार, शिक्षक मित्र, जनप्रतिनिधि आसपास के गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## बाबा बैजनाथ धाम कांवड़ यात्रा समिति द्वारा निकाली गई कांवड़ यात्रा

**जीरापुर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 17 वी बाबा बैजनाथ धाम कावड़ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जो नगर के रामलीला चैक त्रंबकेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर चोपड़ा बाजार भावसार मोहल्ला गांधी बस्ती बस स्टैंड इंदर चैराहा माचलपुर नाका होते हुए बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गई कावड़ यात्रा में महिला एवं पुरुष कावड़ लेते हुए बम भोले जयकारों के साथ चल रहे थे ।यह धार्मिक यात्रा हर-हर महादेव के जयकारों के साथ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। कावड़ यात्रा में शामिल शिवभक्तों ने मां नर्मदा का जल लाकर पैदल यात्रा करते हुए बाबा बैजनाथ के दरबार में जलाभिषेक करेगे। यात्रा के दौरान जगह-जगह पर भक्तों के लिए विश्राम, जलपान व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। यह यात्रा आस्था, समर्पण और शिव भक्ति का अद्भुत उदाहरण रही। स्थानीय प्रशासन व सामाजिक संगठनों का सहयोग भी उल्लेखनीय रहा।

# श्री गोकुल समाज सेवा संस्थान करेगा मटकी फोड़ प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को श्री गोकुल समाज सेवा संस्थान द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन गांधी पार्क पर लगातार 9 वर्षों से किया जा रहा है। इस बार भी यह प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

गांधी पार्क पर मनमोहक दृश्य बना रहता है इस वर्ष भी श्री गोकुल समाज सेवा संस्थान मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन गांधी पार्क पर करेगा और उसकी ऊंचाई 18 फुट तय की गई है जिसमें 11 सदस्यों की टोली लगेगी और सुरक्षा के दृष्टिकोण से नीचे बोरो में भूसा भरकर रखा जाएगा जिस किसी को चोट न लग सके। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के संस्थापक राहुल शर्मा संरक्षक एड. करण शर्मा, सुमत कुमार राय, संगठन के जिला अध्यक्ष दीपक चैबे, छोटू शर्मा बड़ागांव, सुमित चैबे ,अभिषेक यादव गौरव नायक, प्रदीप शर्मा ,पुनीत शर्मा ,देवेंद्र यादव,करण शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष मे कुल राशि रूपये 6 हजार की राशि तीन समान किश्तो मे प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के वितरण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा शनिवार को बाराणसी उत्तरप्रदेश से किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र अशोकनगर में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में जिले के 1 लाख 37 हजार 455 हितग्राहियों को कुल 27.49 करोड की राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक, संजीव भरिल्ल, डिप्टी कलेक्टर इसरार खान, वरिष्ठ वैज्ञानिक बी.एस.गुप्ता सहित जनप्रतिनिधिगण एवं कृषकगण उपस्थित थे।



## शुजालपुर मंडी में अतिक्रमण हटाने पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा, किया विरोध प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

नगर पालिका द्वारा मंडी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। बिना पूर्व सूचना के पहुंची नगर पालिका की टीम ने व्यापारियों के टीन शेड तोड़ डाले, जिससे व्यापारी भड़क उठे और सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें न तो कोई नोटिस दिया गया और न ही सुनवाई का मौका, सीधे कार्रवाई कर दी गई। प्रदर्शन के चलते एक से दो घंटे तक यातायात व्यवस्था चरमराई रही।

स्थिति को संभालने मौके पर एसडीएम अर्चना कुमारी, तहसीलदार राकेश खजूरिया, मंडी थाना प्रभारी शिवकुमार यादव, सिटी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पाठक समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने व्यापारियों को समझाकर मामला शांत कराया और यातायात को सुचारु रूप से बहाल किया।

# टीएवी के विद्यार्थियों का संभाग स्तरीय वूशु और कबड्डी में चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

नगर के टीएव्ही हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र लक्ष्य सुमन, ध्रुव ताम्रकार, कृष्णा सोनी, एवं छात्रा अदिति सोनी का वूशु प्रतियोगिता के लिए तथा कुलजीत कौर का कबड्डी में संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। बता दें कि इन खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं अपने नगर के विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

हमेशा खेलों में आगे रहने वाले टीएवी स्कूल की एक बड़ी उपलब्धि है। बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच खेल प्रशिक्षक जावेद खान को दिया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन, स्कूल सीईओ पुनीत जैन, प्राचार्य स्नेहा डावर, जिला खेल अधिकारी ओपी शर्मा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी शर्मा,जिला वूशु कोच बृजेश सर, ब्लॉक कीड़ा अधिकारी मनोज राठौर, शिक्षक सागर सुमन सहित स्टाफ बच्चों एवं नगरवासियों ने उपलब्धि पर बधाई दी है।

### नगर पालिका का अमला न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई

# सरकारी जमीन पर एक बार फिर से महकमा अतिक्रमण हटाने के लिए दल बल लेकर उतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्र 20 में नई आवादी क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर नगरपालिका का अमला शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने पहुंचा। यह मामला पिछले 10 साल से चल रहा था।

नगरपालिका की ओर से अभिभाषक रामेश्वर भारद्वाज ने बताया कि नई आवादी क्षेत्र निवासी रामप्रकाश गुप्ता और राजीव जाट के विरूद्ध खुली भूमि पर 6-7 पिलर के साथ दीवाल बनाने का सिविल सूट न्यायालय में पेश किया गया था। जिसमें न्यायालय द्वारा अतिक्रमण मानते हुए इस पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। जिसकी अपील जिला न्यायालय में की गई थी उसके बाद उच्च न्यायालय द्वारा इसे खारिज कर दिया गया था। जिसके बाद राजीव जाट द्वारा इजरा व्यवहार न्यायाधीश के यहां पेश किया गया था। जिसके बाद उन्होंने इसे अतिक्रमण मानते हुए हटाने का आदेश दिया था और कहा था कि इसको हटाने में जो भी खर्चा आए वह रामप्रकाश गुप्ता से वसूला जाए। इसीलिए यह अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। जहां से अतिक्रमण हटाया गया वह भूमि आमजनों के उपयोग में आ सकेगी।



